# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(सोलहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 23 अगस्त, 2017/ 1, भाद्रपद, 1939 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 17**

----

### गति अवरोधक यन्त्रों की स्थापना

***4105 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग एवं सम्पर्क मार्ग में स्पीड ब्रेकर लगाने के क्या मापदण्ड निर्धारित हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में कितने-कितने, कहां-कहां वाहनों की स्पीड को नियंत्रण करने हेतु स्पीड बम्पस, कैट आईज़ स्टड, डेलिनेटर या रम्वल स्ट्रिप लगाये गए; ब्यौरा मण्डलशः दें; और

(ग) इन्हें लगााने हेतु कब-कब निविदाएं आमंत्रित की गईं; यह कार्य किस-किस ठेकेदार को अवार्ड किया गया व कुल कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

### 22 के0 वी0 कन्ट्रोल प्वाइंट

***4106 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) 22 के0 वी0 कन्ट्रोल प्वाइंट कांसाकोटी का नींव पत्थर कब रखा गया और इसका

कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक रोहड़ू विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने नए पोल खड़े किए गए; कितने नए ट्रांसफार्मर लगाए गए; ब्यौरा दें?

----

## विभिन्न योजनाओं की डी0पी0आरज़0

***4107 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) 12वीं विधान सभा के कार्यकाल में कितनी धनराशि केन्द्र सरकार से विभिन्न मदों में प्रदेश सरकार को प्राप्त हुई; मदवार ब्यौरा दें;

(ख) प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों की कितनी डी0पी0आरज़0 केन्द्र सरकार को प्रेषित की गईं तथा कितनी धनराशि इसके अन्तर्गत प्राप्त हुई; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा जिन डी0पी0आरज़0 में कमियाँ थीं क्या उन्हें ठीक करके केन्द्र को प्रेषित कर दिया है; ब्यौरा दें?

----

## बाल विकास अधिकारी

***4108 श्री यादविन्द्र गोमा(जयसिंहपुर) :**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जयसिंहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने बाल विकास अधिकारी के कार्यालय कार्यरत हैं इनमें कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं, इनके कार्यालयों के भवनों की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) तहसील कल्याण अधिकारी जयसिंहपुर का कार्यालय कब अस्तित्व में आया तथा इसमें कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा दें ?

----

## नवाही देवी मन्दिर

***4109 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नवाही देवी मन्दिर में लोगों द्वारा दान में दी गई धनराशि का कुछ सरकारी अधिकारियों द्वारा दुरूपयोग किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या इसकी जांच की गई है; ब्यौरा की गई कार्रवाई सहित दें?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

***4110 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला ऊना में चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में कितने पद विभिन्न श्रेणियों के रिक्त पड़े हैं और इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## स्वीकृत धनराशि

***4111 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना एवं समेकित विद्युत विकास योजना के अन्तर्गत प्रदेश को कितनी धनराशि केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई; और

(ख) इन योजनाओं के अन्तर्गत जिला कुल्लू में किन-किन शहरों के लिए कितनी-कितनी धनराशि का प्रावधान था और विभाग द्वारा धनराशि खर्च न करने के क्या कारण हैं और सरकार कब तक निर्माण कार्य आरम्भ करने का विचार रखती है?

----

## स्वीकृत पद

***4112 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कार्यरत सिविल अस्पताल, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सिविल डिस्पेन्सरियों मे कितने पद डॉक्टर, नर्सिज, फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ के स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें?

----

## Vacant Posts of PTWC

***4113 Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of Part Time Water Carrier (PTWC) are lying vacant in the Department of Education;

(b) what steps are being taken to fill up the posts; and

(c) whether the State Government has taken a decision to regularise the services of all PTWC in Education Department who have completed 14 years

of service as PTWC; if yes, all such eligible candidates have been regularised?

----

## शाह नहर परियोजना

***4114 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक शाह नहर परियोजना का कितना कार्य हो चुका है; इस परियोजना को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## Sub-Tehsil Ramshehar

***4115 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Sub-Tehsil at Village Panjehra is likely to be opened in Nalagarh Assembly Constituency; if yes, by when the same is to be notified and made operational; and

(b) whether the Government also proposes to upgrade the Sub-Tehsil Ramshehar to Tehsil; if yes, by when the same is to be notified?

----

## सड़क एवं पुल निर्माण

***4116 डॉ0 अनिल धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने किलोमीटर सड़कें नई बनाई गईं व कितने किलोमीटर सड़कों की मैटलिंग/टारिंग की गई; ब्यौरा सड़कवार दें;

(ख) इस अवधि के दौरान विधायक प्राथमिकता में दिये गये किन-किन पुलों व सड़कों का कार्य पूर्ण किया गया; और

(ग) इनमें से कितनी प्राथमिकताएं ऐसी हैं जिनकी औपचारिकताएं अभी पूर्ण नहीं हुई हैं; ब्यौरा प्राथमिकतावार दें?

----

## नए संस्थान खोलना

***4117 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 31-07-2017 तक प्रदेश में वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान कितने नए संस्थान खोले गए; ब्यौरा संस्थानवार दें?

----

## पदपूर्ति

***4118 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि उप-मण्डलाधिकारी एवं तहसील कार्यालय जयसिंहपुर में विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं; इनमें से कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में रिक्तियां

***4119 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में फीटरज, पम्प ऑपरेटरज, हेल्पर की सेवानिवृत्ति एवं अन्य कारणों से रिक्त पद नहीं भरे जा रहे हैं;

(ख) यदि हाँ, तो जिला कुल्लू में दोनों मण्डलों के अन्तर्गत कितने पद स्वीकृत हैं और कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) इन दोनों मण्डलों के अन्तर्गत कितने पद फिटर एवं हेल्पर के करणामूलक आधार पर भरने हेतु लम्बित हैं, सरकार इन्हें कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## MLA Priority Schemes

***4120 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years how many DPRs of M.L.A. priority schemes in Public Works Department were finalised under Sujanpur Assembly Constituency and what is their latest position; and

(b) by when these will be completed?

----

## Vacant Posts

***4121 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many posts of all categories are sanctioned in (a)GSSS Bhajotra, (b) GSSS Nadal, (c) GSSS Kihar; and (d) GSSS Tikroo;

(b) how many posts are lying vacant and since when ; and

(c) what steps are being taken to fill up these posts?

----

**Shimla : 171004.** **Sunder Singh Verma,**

**Dated: 7th August, 2017.** **Secretary.**